## महत्वपूर्ण एवं खास

### नक्सलियों ने नगर सेना के एक जवान की हत्या

**कांकेर (आरएनएस)।** जिला मुख्यालय से लगभग 20 किलोमीटर दूर अमाबेड़ा थाना क्षेत्र अंर्तगत ग्राम पंचायत गुमझीर में सोमवार की शाम 06 बजे वार्षिक देव मेले में ग्रामीण वेशभूषा में शामिल नक्सलियों ने नगर सेना में पदस्थ एक जवान संजय कुंजाम की निर्मम हत्या कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार 04 से 08 की संख्या में पंहुचे नक्सलियों ने जवान पर देशी कट्टा और कुल्हाड़ी से हमला किया। नक्सली नगरसेना के जवान की हत्या करने के बाद जंगल की ओर फरार हो गए। कांकेर एसपी सलभ कुमार ने इसकी पुष्टि की है।

### मोटर साइकिल दुर्घटना में दो युवक घायल एक की हुई मौत

**दंतेवाड़ा (आरएनएस)।** जिले के बचेली मार्ग पर सातधार के पास बाइक दुर्घटना में तीन युवक दुर्घटना में घायल हो गए, जिन्हें वहां से गुजर रहे पूर्व जिपं सदस्य व भाजपा अजजा मोर्चा प्रदेश महामंत्री नंदलाल मुड़ामी ने अपने वाहन से जिला हास्पिटल पहुंचाया। गंभीर रूप से घायल युवक सुनील को डिमरापाल स्थित मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज के रेफर किया गया था, जिसकी आज इलाज के दौरान मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार भाजपा नेता मुड़ामी अपने गृह ग्राम पालनार से क्रिकेट प्रतियोगिता के कार्यक्रम के बाद दंतेवाड़ा वापस लौट रहे थे। तभी सातधार के पास सडक़ दुर्घटना में 03 युवक राजा, सुनील, छन्नू गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिले। मुड़ामी ने अपने साथियों के सहयोग से घायलों को जिला अस्पताल दंतेवाड़ा भेजकर भर्ती कराया।

### आरटीई के तहत प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीयन शुरू हुआ

**जगदलपुर (आरएनएस)।** शिक्षा का अधिकार (आरटीई) के तहत प्रवेश प्राप्त करने के लिए ऑनलाइन पंजीयन की शुरुआत हो चुकी है। इसके तहत 16 मई तक पंजीयन करवाया जा सकेगा। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार ऑनलाइन पंजीयन की प्रक्रिया खत्म होने के बाद नोडल अधिकारियों द्वारा दस्तावेजों की जांच 16 मई से 31 मई के बीच की जाएगी। लॉटरी एवं सीटों का आबंटन 03 जून से 15 जून के बीच किया जाएगा। स्कूलों में दाखिला की प्रक्रिया 16 जून से 30 जून तक चलेगी।

### मधुमक्खियों के हमले से 2 ग्रामीण घायल

**जगदलपुर (आरएनएस)।** जिले के परपा थाना क्षेत्र अंर्तगत भड़ीस गांव निवासी सुभाष नेताम और सरोज सिंह निवासी खपराभट्टी आज सुबह दोनों काम में जाने के लिए भड़ीस गांव अपने घर से निकले थे। इसी दौरान मधुमक्खियों ने उन पर हमला कर दिया, किसी तरह से दोनों ग्रामीणों ने अपनी जान बचाई। इसके बाद एक कॉलर ने इस घटना की जानकारी डायल 112 की टीम को दी है। सूचना पर डायल 112 की टीम तत्काल ही मौके पर पहुंचकर दोनों घायल ग्रामीणों को उपचार के लिए डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार मधुमक्खियों के हमले से सबसे ज्यादा घायल सुभाष हुआ है, उसके पूरे शरीर सूजन आ गया है।

### पत्नी की हत्या का प्रयास, आरोपी पति गिरफ्तार

**महासमुंद (आरएनएस)।** शराबी पति ने पत्नी पर पेट्रोल छिडक़कर आग लगा दी। महिला की सास व जेठानी को पता चला तो आग बुझाकर उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज जारी है। इधर, पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में आरोपी पति के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पिथौरा पुलिस के अनुसार ग्राम कौहाकुड़ा निवासी ममता साहू का पति लेकेश्वर साहू शराब पीने का आदी है। 17 मार्च रात 10 वह घर आया और जुआ खेलने के लिए पत्नी से रुपए मांगने लगा। नहीं देने पर जान से मार देने की धमकी दी। कुछ देर बाद गिलास में पेट्रोल लाकर पत्नी के पीठ में डालकर माचिस से जला दिया।

# लंबित अपराध, शिकायतें, चरित्र सत्यापन का समय सीमा के भीतर करें निराकरण : आईजी रतनलाल डांगी

- रेंज आईजी ने ली पुलिस, राजपत्रित अधिकारी व थाना प्रभारियों की बैठक
- ओड़िशा से होने वाली मादक पदार्थों की तस्करी पर प्रभारी कार्रवाई के लिए की रायगढ़ पुलिस की प्रशंसा
- नाबालिगों के अपराधों में संलिप्तता को बताया चिंताजनक, बोले घरों में बच्चों पर शुरुवाती कन्ट्रोल आवश्यक
- ओव्हर स्पीडिंग बन रही सड़क दुर्घटनाओं का कारण, दुर्घटनाओं में कमी लाने ट्रैफिक नियमों का पालन जरूरी
- पुलिसिंग में अच्छे कार्य करने वाले को रिवार्ड और जहां दिखेगी लापरवाही इन्हें देंगे सजा

**रायगढ़।** पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर रेंज, बिलासपुर रतनलाल डांगी आज दिनांक 22.03.2022 को पुलिस कन्ट्रोल रूम रायगढ़ में जिले के पुलिस राजपत्रित अधिकारियों के साथ थाना एवं चौकी प्रभारियों के साथ अपराध समीक्षा बैठक लिया गया।



समीक्षा बैठक में पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा द्वारा 20 मार्च की स्थिति में थाना, चौकी में लंबित अपराध, शिकायतों, जप्ती माल, चरित्र सत्यापन आदि से अवगत कराया गया जिसके बाद आईजीपी डांगी द्वारा राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना, चौकी प्रभारियों से लंबित के कारणों की जानकारी लेकर उनके निकाल के संबंध में प्रभारीगण को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

क्राईम मीटिंग में रेंज आईजी डांगी द्वारा बताया गया कि विधानसभा सत्र के पश्चात प्रदेश के मुख्यमंत्री जी का सभी 90 विधानसभा क्षेत्र का दौरा कार्यक्रम प्रस्तावित है, इसलिए सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ 31 मार्च तक लंबित प्रकरणों एवं विशेषकर शिकायतों, पासपोर्ट वैरीफिकेशन, चरित्र सत्यापन, महिला संबंधी अपराध, पीड़ित क्षतिपूर्ति, SC/ST एक्ट के प्रकरणों का निकाल किया जावें। उन्होंने पब्लिक को उनकी शिकायतों, वैरीफिकेशन जैसे कार्यों के लिये अनावश्यक कार्यालय और थाना, चौकी का चक्कर न लगाना पड़े इसके लिये इन कार्यों का समय पर निराकरण समयसीमा के भीतर अनिवार्य रूप से निराकरण करने के निर्देश दिये हैं।

समीक्षा बैठक में एसपी अभिषेक मीणा के मार्गदर्शन पर लगातार ओड़िशा से हो रही मादक पदार्थों की तस्करी पर कार्रवाई को लेकर जिला पुलिस की प्रशंसा किये और आगे भी बेहतर कार्य करने के लिये प्रेरित किये। बैठक में पुलिस अधिरियों से पुलिसिंग से जुड़े विभिन्न मुद्दो पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया है।

समीक्षा बैठक के बाद प्रेसवार्ता में डांगी द्वारा मीडिया साथी द्वारा नाबालिगों के अपराधों में संलिप्तता के संबंध में पूछे गये सवाल पर डांगी द्वारा नाबालिगों के अपराधों में बढ़ रही संलिप्तता को चिंताजनक बताया गया, वे नाबालिगों को अपराधों से दूर रखने में घर परिवार में बच्चों को दिये गये संस्कार एवं शुरूवाती समय से बच्चों पर कंट्रोल रखना तथा उनकी हर गतिविधियों पर अभिवाहक को ध्यान दिये जाने की आवश्यकता बताये, साथ ही पुलिस द्वारा स्कूल एवं वार्ड मोहल्लों में जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों को अपराधों के प्रति सचेत करना कहा गया।

उन्होंने समीक्षा बैठक पर सड़क दुर्घटनाओं में बाइकर्स की संख्या को बढने का कारण ओव्हर स्पीडिंग बताये। उन्होंने यातायात पुलिस को जागरूकता कार्यक्रमों का विस्तार करने के साथ, चालानी कार्यवाही को जारी रखना बताये और नागरिकगण यातायात नियमों का पालन कर स्वयं को दुर्घटना से बचाते हुए और को भी दुर्घटना से बचा सकतें हैं बताये।

उन्होंने रायगढ़ पुलिस की सख्ती और चेक पोस्ट पर निगरानी से नये-नये तरीके इजाद कर रहे तस्करों पर पुलिस रोक लगाई है बताये। वहीं मादक पदार्थों से नवयुवकों को दूर रखने की आवश्यकता बताते हुए घरों में अनुसाशन का होना आवश्यक बताये। उन्होंने रेंज में बेहतर कार्य करने वाले थाना, चौकी प्रभारियों एवं उनके सहकर्मियों को पुरस्कृत करना एवं जिन थाना क्षेत्र में अपराधों में वृद्धि आवेगी ऐसे प्रभारियों को सजा देना बताया गया। बैठक बाद आईजी डांगी जिला जांजगीर-चाम्पा के लिये रवाना हुये हैं।

अपराध समीक्षा बैठक में जिले के सभी राजपत्रित पुलिस अधिकारीगण, रक्षित निरीक्षक, थाना, चौकी, डीएसबी, डीसीबी, शिकायत सेल, साइबर सेल, पुलिस कंट्रोल रूम, डॉयल 112 प्रभारी, एसपी स्टेनो एवं एसपी रीडर उपस्थित थे।

## कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र रायगढ़ द्वारा एनएसएस शिविर का हुआ शुभारंभ

**रायगढ़।** रायगढ़ के बोईरदादर स्थित कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ 21 मार्च को किया गया जिसका शीर्षक था ग्रामीण विकास के लिए युवा। विशेष शिविर के लिए महाविद्यालय द्वारा जिले में स्थित प्राथमिक शाला भवन, बादपाली ग्राम पंचायत का चुनाव किया गया। शिविर के पहले दिन सोमवार को मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत संबलपुरी सहोद्रा राठिया ने स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया। इसके बाद सभी मुख्य अतिथियों का स्वागत किया गया। शिविर के पहले दिन सभी राष्ट्रीय स्वयं सेवकों को कार्यक्रम अधिकारी गंगा राम राठिया द्वारा राष्ट्रीय सेवा के लिए शपथ दिलाया गया।

इस दौरान शिविर के विशिष्ठ अतिथि के रूप में लाल सिंह, बसंत लकड़ा, हरिकृष्ण पटेल शिक्षक, कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ श्रीकांत सांवरगाँवकर, सहायक प्राध्यापक संदीप पैंकरा, अतिथि शिक्षक एवं विद्यालय के छात्र-छात्राएं भी उपस्थित रहें। कार्यक्रम के अंत में एस.के पैंकरा ने आभार प्रकट किया। शिविर के दूसरे दिन 22 मार्च को विद्यार्थियों द्वारा शिविर के कार्यों की शुरुआत प्रात: कालीन योगाभ्यास के साथ प्रारंभ हुई, इसके बाद गांव में प्रभात फेरी निकाली गयी। दूसरे पहर में गांव में स्वछता अभियान के तहत् छात्र-छात्राओं द्वारा सफाई कार्य संपादित किया गया। शिविर के दूसरे दिन कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र रायगढ़ के अधिष्ठाता डॉ.ए.के. सिंह और सहायक प्राध्यापक डॉ.ब्रिजेश पटेल उपस्थित रहे। डॉ सिंह ने इस सात दिवसीय शिविर का विद्यार्थियों के शैक्षणिक जीवन में क्या महत्व है उसके बारे में विस्तारपूर्वक बताया। महाविद्यालय के सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष और मिडिया प्रभारी सुनील कुमार गौतम ने शिविर में हुए सभी कार्यक्रमों और गतिविधियों की जानकारी साझा की।



## जूता-चप्पल गोदाम में दुकान के ही दो सेल्समेन की थी चोरी

- कोतवाली पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा रिमांड

**रायगढ़।** दिनांक 21-22/03/2022 के रात्रि कोतवाली थानाक्षेत्र अन्तर्गत गुरूद्वारा रोड़ में ज्ञान बुट हाउस के गोदाम से नये जूता-चप्पलों की चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है, गिरफ्तार आरोपी का एक साथी गिरफ्तारी के भय से फरार है।



जानकारी के अनुसार पार्क एवेन्यू कालोनी रायगढ में रहने वाले गुरमीत सिंह आज दिनांक 22.03.2022 को थाना कोतवाली आकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि गुरूद्वारा रोड रायगढ में ज्ञान बुट हाउस नाम से दुकान है। दिनांक 21.03.2022 के रात्रि करीब 09:00 बजे दुकान बंद कर घर चला गया था कि रात्रि में खाना खाकर सो गया था कि लगभग रात्रि 12:30 बजे फोन पर सूचना मिला कि गोदाम में अज्ञात व्यक्ति ताला तोड़कर जुता चप्पल चोरी कर लिया है सूचना पाकर अपने दुकान के पास गोदाम में दुकान के पास आकर देखा तो चोरी का जानकारी हुआ। कोतवाली पुलिस अज्ञात आरोपी पर नकबजनी का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

रिपोर्टकर्ता गुरमीत सिंह बताया कि दुकान में काम करने वाले राज नामदेव तथा सूरज निषाद काम पर नहीं आ रहे उन्हीं पर चोरी की शंका है। जिसकी तस्दीकी के लिए थाना कोतवाली के उपनिरीक्षक नंदलाल पैकरा हमराह प्रधान आरक्षक हेमन पात्रे, आरक्षक उत्तम सारथी तत्काल संदेही सूरज निषाद के घर जाकर पतासाजी किया गया जो रात से ही घर नहीं आना बताएं दूसरे सेल्समैन राज उर्फ अमित नाम देव भी घर पर नहीं मिला जिसकी पतासाजी कर मुखबिर सूचना पर राज नामदेव को पकड़ा गया जिससे पूछताछ करने पर अपने साथी सूरज निषाद के साथ मिलकर दुकान के गोदाम से 10-12 जोड़ी जूता चप्पल चोरी करना स्वीकार किए। आरोपी राज नामदेव उर्फ अमित नामदेव पिता संजू नामदेव उम्र 20 वर्ष निवासी इंदिरा नगर इंदिरा गांधी प्रतिमा के सामने रायगढ़ थाना कोतवाली रायगढ़ के मेमोरेंडम पर 3 जोड़ी चप्पल और 2 जोड़ी जूता की जब्ती की गई है जिसे अप.क्र. 537/2022 धारा 457,380 IPC के अपराध में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया। दूसरा आरोपी राजू निषाद फरार है जिसकी पतासाजी की जा रही है।

कल कोतवाली पुलिस द्वारा शराब दुकान में लूटपाट के आरोपियों को त्वरित रूप से पतासाजी कर गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया था। वही आज चोरी की घटना की सूचना पर तत्काल बाद त्वरित कार्यवाही से एक आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। कार्यवाही में सब इंस्पेक्टर नंदलाल पैकरा, हेड कांस्टेबल हेमन पात्रे, कांस्टेबल उत्तम सारथी की अहम भूमिका रही है।

## नगरीय निकायों में चल रहे कार्यो एवं समस्याओं पर कलेक्टर भीम सिंह ने ली बैठक

- पेयजल समस्याओं के निराकरण पर दिए निर्देश

**रायगढ़।** कलेक्टर भीम सिंह ने आज कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में नगर निगम एवं जिले की नगरीय निकाय की बैठक ली। कलेक्टर सिंह ने विभिन्न नगर पालिका, पंचायत अध्यक्षों से उनके द्वारा किए जा रहे कार्यो की अद्यतन जानकारी लेने के साथ समस्याओं की जानकारी ली। कलेक्टर सिंह ने कहा कि जिन नगरीय निकायों में पेयजल की समस्याएं होती है। उनका त्वरित निराकरण के लिए बोर अथवा टैंकर की व्यवस्था करने अधिकारियों को निर्देश दिए। इस मौके पर नगर निगम आयुक्त एस.जयवर्धन भी उपस्थित थे।



कलेक्टर सिंह ने नगरीय निकाय के उनके कार्यो एवं हो रही समस्याओं को विस्तारपूर्वक जानकारी ली। इस दौरान नगर पालिका एवं पंचायत अध्यक्षों ने अपनी समस्याओं को कलेक्टर सिंह के सामने रखी। समस्याओं पर कलेक्टर सिंह ने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के निराकरण करने के निर्देश दिए। जिससे विकास कार्यो को गति मिल सके। नगर पंचायत सरिया के अध्यक्ष ने आंगनबाड़ी केन्द्रों, व्यावसायिक काम्पलेक्स तथा पेयजल की समस्याओं को रखा। जिस पर कलेक्टर सिंह ने आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिए राशि प्रदान करने एवं पेयजल की समस्या पर मांग एवं पूर्ति अनुसार टैंकर की व्यवस्था करवाने के निर्देश दिए। बरमकेला नगर पंचायत अध्यक्ष ने पेयजल एवं राजस्व वृद्धि हेतु व्यावसायिक कॉम्पलेक्स की मांग की। जिस पर कलेक्टर सिंह ने पेयजल की समस्या के निराकरण के लिए 4 बोर खनन करने अधिकारियों को निर्देश दिए। घरघोड़ा नगर पंचायत अध्यक्ष ने गौठान के लिए जगह, बस स्टैण्ड, साप्ताहिक बाजार स्थानांतरण पर जल निकासी तथा रेत की समस्या रखी। कलेक्टर सिंह ने गौठान, बस स्टैंड तथा साप्ताहिक बाजार के लिए भूमि उपलब्ध कराने की बात कही साथ ही रेत की समस्या के निकारण के लिए रेत खदान आबंटित करने के निर्देश दिए। किरोड़ीमल नगर पंचायत अध्यक्ष ने गोबर खरीदी केन्द्र में बाउण्ड्रीवाल एवं शेड की मांग रखी, जिस पर कलेक्टर सिंह ने कार्य करवाने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर सिंह ने बेहतर वैक्सीनेशन पर किरोड़ीमल नगर की प्रशंसा की।

धरमजयगढ़ नगर पंचायत अध्यक्ष ने तालाब समतलीकरण, गौठान की समस्या, टेण्डर कार्य नही होने तथा खाली भूमि अतिक्रमण की समस्या रखी। इस पर कलेक्टर सिंह ने गौठान के लिए भूमि चयन तथा सीईओ को टेंडर कार्य पूर्ण कर निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही भूमि अतिक्रमण पर एसडीएम को जांच के निर्देश दिए। पुसौर नगर पंचायत अध्यक्ष ने गौठान, कॉम्पलेक्स, स्ट्रीट लाईट की समस्याओं पर ध्यानकर्षण किया। कलेक्टर सिंह ने गौठान संबंधी कार्य एवं स्ट्रीट लाईट की समस्या के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर सिंह ने सभी नगर पंचायत अध्यक्षों के पेंशन संबधी समस्या के निराकरण के लिए समाज कल्याण अधिकारी जे.आर.जांगड़े को समस्या का शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने नगर पंचायतों के अध्यक्ष से कहा कि शासन की मंशानुरूप राजीव गांधी मितान क्लब का गठन शीघ्र किया जाए। इस दौरान उन्होंने गोबर खरीदी की जानकारी ली तथा वर्मी कम्पोस्ट की ब्रिकी के लिए सोसाइटियों में आवश्यकतानुसार पहुंचाने की दिशा में कार्य तथा मॉनिटिरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत किए जा रहे परीक्षण एवं दवाईयों की उपलब्धता की जानकारी रखने के निर्देश, लोक सेवा गांरटी में समय सीमा में निराकरण, राशनकार्ड बनवाने तथा धन्वंतरी की मानिटिरिंग के लिए सभी जनपद सीईओ को निर्देशित किया।

## अबूझमाड़ पीस मैराथन के विरोध में नक्सलियों ने टांगे बैनर

**नारायणपुर (आरएनएस)।** जिले के अबूझमाड़ क्षेत्र के कुकड़ाझोर एवं आकाबेड़ा के मध्य करेल घाटी के पास नक्सलियों के कुतुल एरिया कमेटी ने बैनर टांगकर अबूझमाड़ पीस मैराथन का विरोध किया है। नक्सली बैनर में अबूझमाड़ पीस मैराथन में शामिल होने वालों से अपील करते हुए कहा गया है कि अबूझमाड़ पीस मैराथन का उद्देश्य रावघाट खदान एवं आमदई खदान की खनिज संपदा वन संपदा को पूंजीपतियों को बेचना है। पुलिस मौके पर पहुंचकर बैनर को अपने कब्जे पर ले लिया है। ज्ञात हो कि अबूझमाड़ पीस मैराथन नारायणपुर जिले का एक भव्य आयोजन है जिसमें देश व विदेश से दस हजार से अधिक धावक दौडऩे अबूझमाड़ पहुंचते हैं।



नारायणपुर एएसपी नीरज चंद्राकर ने कहा कि वर्तमान में अबूझमाड़ पीस मैराथन का आयोजन की कोई तिथि स्पष्ट नहीं है संभवत: यह आयोजन स्थगित है, इसके बावजूद इस प्रकार का बैनर लगाना असामाजिक तत्वों का भी कारनामा हो सकता है, पूरे मामले की गंभीरता से जांच पड़ताल कर वास्तविक स्थिति का पता लगाया जाएगा।

## मैराथन धावक कर्ण कुमार कोहिमा नागालैण्ड में करेंगे राज्य का प्रतिनिधित्व

**सूरजपुर (आरएनएस)।** जिले के प्रतापपुर तहसील के एक छोटे से गांव केवरा के मैराथन धावक कर्ण कुमार का चयन 56 वीं नेषनल क्रॉस कंट्री एथलेटिक्स चैम्पियनषिप 2022 के लिये हुआ है। छत्तीसगढ़ राज्य एथलेटिक्स संघ द्वारा छत्तीसगढ़ क्रॉस कंट्री टीम की घोषणा की गई है, उक्त चयन में छत्तीसगढ़ की टीम में 11 बालिका व 12 बालक सहित कुल 26 खिलाडिय़ों का चयन हुआ है। जिसमें सरगुजा संभाग से सूरजपुर जिले के एकमात्र एथलेटिक्स खिलाड़ी कर्ण कुमार का चयन किया गया है। यह प्रतियोगिता 26 मार्च 2022 को कोहिमा नागालैण्ड में आयोजित होगी, पूर्व में यह प्रतियोगिता दिसंबर 2021 को होने वाली थी परंतु कोरोना के कारण मार्च 2022 में आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता 4 आयु वर्ग में आयोजित किया जायेगा। जिले के चयनित खिलाड़ी कर्ण कुमार अंडर-20 आयु वर्ग के 8 कि.मी. मैराथन में भाग लेंगे। राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में सम्मिलित होने हेतु कर्ण कुमार राज्य की टीम के साथ आज रवाना होंगे। यह प्रतियोगिता एथलेटिक्स फेडरेषन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में आयोजित किया जायेगा। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रतिनिधित्व हेतु राज्य के खिलाड़ी कोच कामता प्रसाद यादव व चीना कंवर के मार्गदर्षन में भाग लेंगे। कर्ण कुमार का राष्ट्रीय स्तर में चयनित होने पर जिले के प्रभारी खेल अधिकारी ने बधाई देते हुये अच्छे प्रदर्शन के लिये अग्रिम शुभकामनां दी है।



## जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल ने छात्राओं को वितरित किया सरस्वती सायकल

**रायगढ़।** जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल ने विकास खंड पुसौर के शास.उच्च.मा.वि. तेतला और जतरी के 86 छात्राओं को नि:शुल्क सरस्वती सायकल का वितरण किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष पटेल ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने नि:शुल्क सरस्वती सायकल योजनान्तर्गत कक्षा नवमीं की छात्राओं को साइकिल वितरण किया जा रहा है। सरकार के इस महत्वाकांक्षी योजना से निर्धन परिवारों के बच्चों को विशेष लाभ मिल रहा रहा है। आवागमन सुविधा के अभाव में शिक्षा से वंचित होने वाली बालिकाओं के लिए सरस्वती सायकिल योजना वरदान साबित हो रहा है। उन्होंने सभी बालिकाओं को बधाई देते हुए पूरे मनोयोग से शिक्षा हेतु समर्पित होने के लिए कहा और पूरे राज्य में विद्यालय व अपने माता-पिता के साथ विकासखंड पुसौर का नाम उज्जवल करने के लिए प्रेरित किया।



इस मौके जिला पंचायत सदस्य खेमराम नायक, जिला पंचायत सदस्य आकाश मिश्रा, जनपद पंचायत सदस्य पुसौर अनुसूया चौहान, राम गोपाल पटेल, पुनि लाल सिदार, दिनेश पटेल विकास खंड शिक्षा अधिकारी, के.डब्लू प्रधान तेतला प्राचार्य, पी.आर.वर्मन जतरी प्राचार्य, घनश्याम पटेल, शशि चंद चौहान एवं अन्य गणमान्य जनों, विद्यालयीन स्टाफ उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य आकाश मिश्रा ने भी सभी छात्राओं को मन लगाकर पढऩे के लिए प्रेरित किया।

**जशपुर (कछार) की छात्राओं को भी दिया गया सायकिल-** बालिका शिक्षा को नई दिशा देने और उनके बेहतरी के लिए इन दिनों सारंगढ़ विकासखण्ड के विभिन्न विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा नवमीं के छात्राओं को नि:शुल्क सरस्वती सायकल योजनान्तर्गत सायकल का वितरण किया जा रहा है। इसी क्रम में विगत दिवस शासकीय हायर सेकेंडरी विद्यालय जशपुर (कछार) के बालिकाओं को सायकल वितरण किया गया। प्राचार्य एस.आर.पटेल ने बताया कि 95 छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया है। सरस्वती सायकिल योजना उन बच्चों के लिए वरदान है जो आर्थिक रूप से बहुत कमजोर है और आगे की पढ़ाई करना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि ये सायकिल उन छात्राओं को दिया गया जो लम्बी दूरी पैदल चलकर अपनी भविष्य संवारने के लिए विद्यालय पहुंचती हैं। उन्होंने बताया कि अब स्कूल आने के लिए बेटियां पैदल नही चलेंगी और आवागमन की तमाम समस्याओं से उन्हें छुटकारा मिल जाएगी। सायकिल मिलने की खुशी बच्चों के चेहरे पर दिखाई दे रहा था। अभाव के कारण पढऩे की लालसा होने के बावजूद नहीं पढ़ पाने की मलाल अब सरस्वती सायकिल योजना के कारण नहीं होगी। बेटियां अब उच्च शिक्षा ग्रहण कर अपनी भविष्य को सुखद एवं बेहतर बना सकेंगी।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480